कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्य जीव प्रभाग, अमरोहा।

पत्रांक 3433 /14–1,दिनांक,अमरोहा,जून 21 2022,

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक
मुरादाबाद वृत्त मुरादाबाद।

विषय :– जनपद अमरोहा, हस्तिनापुर वन्य जीव विहार की सीमा के अन्तर्गत विद्युत पारेषण खण्ड अमरोहा द्वारा 220 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण हेतु 0.07 है0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 06 वृक्षों तथा गैर वन भूमि पर स्थित 12 वृक्ष कुल 18 बाधक वृक्षों के विदोहन हेतु ऑन लाइन Proposal No. FP/UP/TRANS/148929/2021 भारत सरकार से अनुमति प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पत्र संख्या 3615/11–सी FP/UP/TRANS/148929/2021 दिनांक 17.06.2022

महोदय

उपरोक्त विषयक जनपद अमरोहा, हस्तिनापुर वन्य जीव विहार की सीमा के अन्तर्गत विद्युत पारेषण खण्ड अमरोहा द्वारा 220 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन के निर्माण हेतु 0.07 है0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 06 वृक्षों तथा गैर वन भूमि पर स्थित 12 वृक्ष कुल 18 बाधक वृक्षों के विदोहन हेतु ऑन लाइन Proposal No. FP/UP'TRANS/148929/2021 भारत सरकार से अनुमति प्राप्त किये जाने हेतु प्रेषित किया गया था। जिस पर मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या 2505/11–सी FP/UP/TRANS/148929/2021 दिनांक 02.03.2022 के माध्यम से कतिपय बिन्दुओं पर आख्या मांगी गयी थी। उक्त आपत्तियों के बिन्दु संख्या–2 में प्रस्ताव में प्रस्तावित वन भूमि पर प्रस्तावित पारेषण लाईन के नीचे बौने मुख्यतः औषधीय पौधों के वृक्षारोपण एवं वर्षों के रख–रखाव हेतु प्राक्कलन संलग्न किये जाने बावत निर्देश दिये गये थे।

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या 3615/11–सी FP/UP/TRANS/148929/2021 दिनांक 17.06.2022 द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशों के कम में 0.07 है0 संरक्षित वन भूमि पर औषधीय पौधों के रोपण एवं 10 वर्षों के रख–रखाव का प्राक्कलन ऑन लाईन अपलोड कर दिया गया है। भारत सरकार से अनुमति प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव की 04 प्रतियां संलग्न कर आपको प्रेषित की जा रही है। आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव अपनी संस्तुति सहित मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित करने की कृपा करें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग
अमरोहा।

पत्रांक / उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड–अमरोहा उ0प्र0 पॉवर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लि0 अमरोहा को उनके पत्र दिनांक 06.06.2022 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग
अमरोहा।